दैनिक जागरण 22/08/2025

# योग प्रतियोगिता में जीएमएन कालेज की कृतिका अव्वल



योग प्रतियोगिता में विजेता विद्यार्थी जीएमएन कालेज प्रिंसिपल के साथ। • विज्ञप्ति

अंबाला • विज्ञप्ति : देव गुरुकुल में आयोजित जिला योग प्रतियोगिता में जीएमएन कालेज अंबाला छावनी की छात्रा कृतिका वर्मा ने 18–28 आयु वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। कृतिका की इस उपलब्धि पर कालेज प्रशासन एवं संकाय सदस्यों ने बधाई दी। प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि कृतिका की इस सफलता से न केवल कालेज का नाम रोशन हुआ है, बल्कि यह अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि कृतिका भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कॉलेज और समाज का गौरव बढ़ाती रहेंगी। इसी प्रकार कालेज में सड़क सुरक्षा पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कालेज के रोड सेफ्टी क्लब एवं एसडीजी क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता अनिल कुमार सब इंस्पेक्टर ट्रैफिक पुलिस ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के नियम बताए। इसी तरह कालेज की लैंग्वेज लैब द्वारा अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए प्री-असेसमेंट टेस्ट का आयोजन किया, जिसमें 120 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम विद्यार्थियों की संचार कौशल, साफ्ट स्किल्स और व्यक्तित्व विकास पर केंद्रित रहा। इसी तरह एपेक्स एसडीजी चैंपियन 2025 के तत्वाधान में गांधी मेमोरियल नेशनल कालेज के मास कम्युनिकेशन एवं वीडियो प्रोडक्शन विभाग की ओर से अगस्त माह में दो इंट्रा-कॉलेज फोटोग्राफी प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया।